सी . . .	101739	52926
डी . . .	59276	30307
डी(सफाई कर्मचारी)	7270	41

(ख) खनन अभियंताओं का नामांकन कंपनी स्तर पर किया जाता है और न कि यह खान स्तर पर किया जाता है । पिछले 3 वर्षों के दौरान को० इं० लि० के कोलम्बो योजना के अंतर्गत विदेश में भेजे गए खनन अभियन्ताओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

	ईकोलि	भाको कोलि	सेकोलि	नाकोलि	वेकोलि	साईकोलि/मकोलि	केखाआडि सं०लि०	कोईलि
1991-92 . .	4	1	1	1	—	8	4	2
1992-93 . .	—	—	—	—	—	—	—	1
1993-94 . .	—	—	—	2	3	1	2	—

(ग) शून्य ।

(घ) (1) 3 वर्ष व उससे अधिक "बहुत अच्छे" कार्य-निष्पादन वाले उम्मीदवार।

(2) सतर्कता की निकासी ।

(3) आयु-सीमा—मध्यम स्तर तक 45 वर्ष अर्थात् ई-6 और ई-7 और इससे ऊपर के लिए 48 वर्ष ।

(4) सम्बद्ध सहायक कंपनियों के संगत स्लाटों के एवज में सिफारिश ।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० द्वारा चिकित्सा अस्पताल का निर्माण

4271. श्री गोविन्द राम सिरी : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि —

(क) क्या साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० द्वारा मध्य प्रदेश के बिलासपुर जिला के पूर्वी क्षेत्र में आधुनिक और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए "अपोलो" नाम से एक चिकित्सा अस्पताल के निर्माण करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है और कब तक इस काम को पूरा होने की संभावना है; और

(ग) उसकी कुल अनुमानित लागत कितनी है और उसके निर्माण कार्य पर अब तक कितनी धनराशि खर्च की जा चुकी है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) मेसर्स इंडियन हॉस्पिटल कारपोरेशन, हैदराबाद द्वारा तयार की गई परियोजना रिपोर्ट के आधार पर बिलासपुर में एक 200 बिस्तर वाले बहु-आयामी (विशेषज्ञता प्राप्त) अस्पताल का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव है ।

(ख) प्रारंभिक निर्माण कार्य, जैसे—परिसर की दीवार का निर्माण और पहुंच सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है । अस्पताल की इमारत का निर्माण कार्य जुलाई, 1996 तक पूरा कर लिए जाने की संभावना है ।

(ग) इस परियोजना की अनुमानित लागत 15.49 करोड़ रुपए की राशि की है । अभी तक 31.97 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है ।

Closure of coal mines of ECL and BCCL

4272. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE : Will the Minister of COAL be pleased to state :

(a) whether Government has decided that fourteen underground and four open cast mines in the Eastern Coalfields Limited and also . Bharat Coking Coals Limited may be closed down ;

(b) if so, whether the aforesaid coal fields were running on loss; and

(c) if so, how much losses Govern ment incurred from the above coalfields during the last two years ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COAL (SHRI AJIT KUMAR PANIA) : (a) 5 underground (UG) mines and 6 Opencast (OC) mines in Eastern Coalfields Limited (ECL), 2 UG mines and 1 OC mine in Bharat Coking Coal Limited (BCCL) and 4 UG mines in Central Coalfields Limited (CCL) were identified for closing down in phased manner over a period of 4-5 years. Of these 18 identified mines, 2 OC mines in ECL and 1 UG mine in BCCL have been closed.